<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–26.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया समाप्त, 43 सीटों के लिए एक हजार छह सौ नौ पर्चे भरे गये।
- निर्वाचन आयोग का मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर, मशहूर क्रिकेटर महेन्द्र सिंह धोनी झारखंड के वोटरों को करेंगे जागरुक।
- रांची, जमशेदपुर और गिरिडीह में कई व्यपारिक समूहों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी।
- सुप्रीम कोर्ट ने राज्यसभा चुनाव में हार्स ट्रेडिंग की जांच सीबीआई से कराने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर लगायी रोक।
- चक्रवाती तूफान दाना से कोई बड़ा नुकसान नहीं, झारखंड में अगले चार दिनों तक बारिश से राहत नहीं, रांची से कोलकाता और भुवनेश्वर के लिए विमान सेवा शुरु।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कुल एक हजार छह सौ नौ पर्चे भरे गए हैं। पहले चरण के लिए नामांकन भरने का काम कल संपन्न हो गया। पहले चरण में 13 नवंबर को तैंतालीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। इस महीने की 30 तारीख तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। राज्य में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने हैं।

*****************

इधर, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेता चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। वे जन समर्थन हासिल करने के लिए एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव सह–प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि एनडीए के लिए समर्थन बढ़ रहा है और लोगों ने हेमंत सोरेन सरकार को हटाने का मन बना लिया है। उन्होंने कांग्रेस पर टिकट बेचने का आरोप भी लगाया।

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने फिर जोर देकर कहा है कि राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ हुआ है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान भाजपा ही कर सकती है।

*****************

इधर, कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार किया है। पार्टी नेता और मंत्री इरफान अंसारी ने भाजपा पर बाहरी लोगों को टिकट देने का आरोप लगाया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भी भाजपा पर पार्टी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।

*****************

मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी झारखंड विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का हिस्सा बनेंगे। इस पर श्री धोनी ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रांची में पत्रकारों को यह जानकारी दी।

श्री कुमार ने यह भी बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज की गयीं हैं। श्री कुमार ने बताया कि झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 51 करोड़ 17 लाख रुपये से अधिक के अवैध सामान और नकद जब्त किये गये हैं।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

हजारीबाग जिले में मतदाता जागरुकता के लिए चुनाव आयोग द्वारा कई कदम उठाये जा रहे हैं।

*****************

उधर, पूर्वी सिंहभूम जिले में युवा मतदाताओं का शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

*****************

आयकर विभाग की टीम ने रांची, जमशेदपुर और गिरिडीह में एक साथ कई व्यपारिक समूहों के ठिकानों पर दबिश दी है। जमशेदपुर में स्टील और सरिया कारोबारी राजकुमार अग्रवाल और उनसे जुड़े लोगों के कई ठिकानों पर छापेमारी की। वहीं गिरिडीह में शैलपुत्री आयरन स्टील और शारदा प्रिंटिंग प्रेस में भी आइटी ने दबिश दी है। वहीं रांची में भी एक कारोबारी के ठिकानों पर छापेमारी की गयी। बताया जाता है कि आइटी की टीम ने इन ठिकानों से कुछ दस्तावेज जब्त किये हैं। आइटी की यह कार्रवाई आयकर चोरी को लेकर की गयी है।

*****************

सुप्रीम कोर्ट ने 2016 के राज्यसभा चुनाव में हार्स ट्रेडिंग से जुड़ी सीडी की जांच सीबीआई से कराने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने आदेश पर रोक लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करने वालों के साथ–साथ सीबीआई और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

*****************

चक्रवाती तूफान दाना ओडिसा और पश्चिम बंगाल में कोई बड़ा नुकसान पहुंचाये बगैर ही कमजोर पड़ गया है। इधर, झारखंड में चक्रवात का असर अभी भी दिख रहा है। राज्य के सभी जिलों में बादल छाये हुए हैं। रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसांवा समेत राज्य के कई हिस्सों में रिमझिम बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि 29 अक्तूबर तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। इस बीच रांची से कोलकाता और भुवनेश्वर के लिए विमान सेवा फिर शुरु कर दी गयी है।

*****************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–चंपाई, सुदेश, योगेन्द्र, उमाशंकर और राधाकृष्ण ने किया नामांकन।

प्रभात खबर की सुर्खी है–राजद ने छतरपुर से भी कांग्रेस के खिलाफ दिया उम्मीदवार।

हिन्दुस्तान लिखता है–महेंद्र सिंह धौनी मतदाता जागरुकता अभियान का बनेंगे हिस्सा।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–ओडिशा में तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ा दाना।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– मधु कोड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका, कोयला घाटोले में सजा पर रोक से इनकार, नहीं लड़ पायेंगे चुनाव।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने संताल परगना की जामा सीट से पूर्व मंत्री लुईस मरांडी को झामुमो प्रत्याशी बनाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**********